## संपादकीय

# सुशासन की पहल

दागी छवि वाले एक दर्जन आयकर अधिकारियों को वित्त मंत्रालय द्वारा समय से पहले सेवानिवृत्त करना, भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन की दिशा में बड़ा कदम है। इसका जनता में स्पष्ट संदेश जायेगा कि भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ आवाज बुलंद की जा सकती है। वहीं विभागीय दायित्वों को नजरअंदाज करके निरंकुश व्यवहार करने वाले अधिकारियों को सबक मिलेगा कि जन सरोकारों से ऊपर कोई नहीं हो सकता। वैसे तो बीते साल भी सरकार ने कुछ अधिकारियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की थी, मगर इतने अधिकारियों के विरुद्ध एक साथ कार्रवाई होना अपनी किस्म का पहला उदाहरण है। दरअसल, इन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार, रिश्वत लेने, आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने, यौन उत्पीड़न तथा अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने जैसे गंभीर आरोप थे तो कुछ को अयोग्यता के चलते बाहर का रास्ता दिखाया गया है। निःसंदेह, अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिये ऐसी कार्रवाइयों की निरंतर आवश्यकता महसूस की जाती रही है। अब तक जो औपचारिक कार्रवाई की जाती थी, वह मात्र खानापूर्ति ही होती थी। उनकी नौकरी पर आंच नहीं आती थी। मगर अब वित्त मंत्रालय की हालिया कार्रवाई के बाद कहा जा सकता है कि व्यवस्था व कायदे-कानूनों से ऊपर कोई नहीं हो सकता। मौजूदा सरकार की भ्रष्टाचार के खात्मे की दृढ़ इच्छाशक्ति बदलाव की वाहक बन सकती है। वजह साफ है कि अब तक बड़े अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से छोटे स्तर के कुछ कर्मचारी भी काहिली और भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते थे।

वहीं दूसरी ओर शासकीय कार्यों में परंपरागत तरीके से चुने जाने वाले नौकरशाहों की जगह विषय विशेषज्ञों को तरजीह देने की नरेंद्र मोदी की सोच की दिशा में सरकार एक कदम और बढ़ चुकी है। निजी क्षेत्र और विषय विशेषज्ञता वाले संस्थानों से लिये जाने वाले नौकरशाहों को चुनने की प्रक्रिया बीते साल शुरू की गई थी। ऐसे चयनित नौ ज्वाइंट सेक्रेटरी स्तर के अधिकारियों को विभिन्न मंत्रालयों में समायोजित किया गया है। दरअसल, उदारीकरण के बाद उपजी अर्थव्यवस्था की जरूरतों व प्रशासनिक ढांचे में सुधार के लिए विशेषज्ञ नौकरशाहों की जरूरत महसूस की जाती रही है। अब तक देश में लोकसेवा आयोग के जरिये जो नौकरशाह चुने जाते रहे हैं, वे बदलते दौर की आकांक्षाओं को विशेषज्ञता के साथ पूरा करने में सक्षम नजर नहीं आये। वैश्विक स्पर्धा के वित्तीय व्यवहार, नई तकनीकों के जरिये उद्योगों को नये मानकों के अनुरूप ढालने, निवेश की जटिलताओं, कारोबार को गति देने जैसे लक्ष्यों की पूर्ति के लिये विषय विशेषज्ञों की दक्षता वक्त की जरूरत है। दरअसल, विकसित देशों में वित्तीय व्यवहार व कारोबार में निजी क्षेत्रों ने जो उपलब्धियां हासिल कीं, कमोबेश परंपरागत ढांचे वाली सरकारी व्यवस्था में उन्हें नहीं पाया जा सका।

# अमेरिका ने नंकदी संकट में फंसे पाकिस्तान के लिए सशर्त आईएमएफ पैकेज पर जोर दिया



**वाॅशिंगटन (आरएनएस)।** नकदी संकट में फंसे पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) में राहत पैकेज के लिए हुए समझौते की खबरों के बीच अमेरिका ने पाकिस्तान को सशर्त वित्तीय मदद देने पर जोर दिया है। पाकिस्तान ने पिछले महीने 6 अरब डॉलर के राहत पैकेज के लिए आईएमएफ के साथ समझौता किया था। इस राशि का उपयोग पाकिस्तान अपने वित्तीय संकट को दूर करने और धीमी पड़ती अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में करेगा। अमेरिका ने मुद्राकोष जैसे वैश्विक ऋृणदाताओं को आगाह किया है कि पाकिस्तान वित्तीय मदद का उपयोग चीन से लिए कर्ज को चुकाने में कर सकता है। अमेरिकी के विदेश विभाग की वरिष्ठ अधिकारी एलिस जी वेल्स ने कहा , सशर्त पैकेज को लेकर चर्चा है। हमें लगता है कि पाकिस्तान के लिए सशर्त आईएमएफ पैकेज उपयुक्त होगा।

सांसदों के प्रश्न के जवाब में पिछले हफ्ते उन्होंने विदेश मामलों की उपसमिति को बताया , अमेरिका को आईएमएफ पैकेज के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं है , लेकिन आईएमएफ और पाकिस्तान सरकार एक समझौते पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इसे लेकर हमने अपनी सख्त प्रतिक्रिया दी है। वेल्स ने डॉ शकील अफरीदी की रिहाई तक पाकिस्तान को आईएमएफ से मिलने वाले कर्ज में बाधा पहुंचाने की कोशिश की खबरों को खारिज कर दिया। शकील अफरीदी ओसामा बिन लादेन को ढूंढने में अमेरिकी एजेंसी सीआईए की मदद करने के आरोप में जेल में हैं। उन्होंने कहा , हमारा मानना है कि अफरीदी की गिरफ्तारी गलत और अनुचित है। संसद की मदद से हमने पहले ही पाकिस्तान की 30 करोड़ डॉलर की सहायता रोक दी है।

# पूर्व यूएफा प्रमुख प्लातिनी को हिरासत में लिया

**पैरिस (आरएनएस)।** यूएफा के पूर्व अध्यक्ष मिशेल प्लातिनी को 2022 विश्व कप की मेजबानी कतर को सौंपने की जांच के संदर्भ में मंगलवार को हिरासत में लिया गया। जांच की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

फ्रांस के महान फुटबॉल खिलाड़ी प्लातिनी को 2007 में यूरोपीय फुटबॉल की संचालन संस्था का प्रमुख चुना गया था। कतर को 2022 विश्व कप की मेजबानी सौंपने के मामले की जांच कर रही फ्रांस की भ्रष्टाचार रोधी पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया है। कतर को विश्व कप की मेजबानी सौंपने के फैसले से विवाद हो गया था क्योंकि भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच इसकी व्यावहारिकता पर सवाल उठाए गए थे।

# वेस्टर्न डिजिटल ने लांच किया हाई स्पीड एसएसडी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** स्टोरेज सॉल्यूशन प्रदान करने वाली कंपनी वेस्टर्न डिजिटल ने मंगलवार को भारतीय बाजार में हाई स्पीड डब्ल्यूडी ब्लैक एसएन750 एनपीएमई एसएसडी लाँच करने की घोषणा की जिसको गेमिंग के लिए कंप्यूटर या लैपटॉप में उपयोग किया जा सकता है। कंपनी के चैनल सेल्स इंडिया के निदेशक खालिद वानी ने यहां इस एसएसडी को लाँच करते हुये कहा कि इसको दो टीबी क्षमता में विकसित किया गया है। इसको गेमिंग या बहुत अधिक वीडियो स्ट्रीमिंग करने वालों को ध्यान में रखते हुये डिजाइन किया गया है। एक टीबी वाला एसएसडी से स्पीड बढ़कर 3470 एमबी प्रति सेंकेंड हो जाता है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कारोबारियों के लिए भी डब्ल्यू डी ब्लैक एस एन 500 एनवीएमई एसएसडी लाँच किया गया जिसका स्पीड 1700 एमपी प्रति सेकेंड से अधिक है।

# पेट्रोल, डीजल के दाम स्थिर, कच्चे तेल में लौटी तेजी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में बुधवार को लगातार तीसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पिछले दिनों कच्चे तेल के भाव में नरमी रहने के कारण भारतीय तेल विपणन कंपनियों ने इस महीने पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई वृद्धि नहीं की है। मगर, कच्चे तेल के दाम में फिर तेजी लौटी है जिसके बाद पेट्रोल और डीजल के दाम बढने् की संभावना बनी हुई है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव का हल तलाशने की दिशा में संकेत मिलने से तेल के दाम में तेजी आई है क्योंकि व्यापारिक तनाव दूर होने के बाद कच्चे तेल की वैश्विक मांग बढ़ जाएगी।

उधर, खाड़ी क्षेत्र में जारी भू-राजनीतिक दबाव के कारण तेल की आपूर्ति प्रभावित होने के अंदेशे से कीमतों को सपोर्ट मिल रहा है। अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार आईसीई पर पिछले सत्र में ब्रेंट के भाव में दो फीसदी की तेजी आई और बुधवार को ब्रेंट क्रूड का भाव 62 डॉलर प्रति बैरल से उंचा चल रहा था। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम पूर्ववत क्रमशः 69.93 रुपये, 72.19 रुपये, 75.63 रुपये और 72.64 रुपये प्रति लीटर बने हुए हैं। डीजल के दाम भी चारों महानगरों में यथावत क्रमशः 63.84 रुपये, 65.76 रुपये, 66.93 रुपये और 67.52 रुपये प्रति लीटर पर बने हुए हैं।

# अरबपतियों की लिस्ट से बाहर हो सकते हैं अनिल अंबानी



**नई दिल्ली(आरएनएस)।** कारोबारी अनिल अंबानी एक दशक पहले तक 42 करोड़ डॉलर की नेट संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक थे। लेकिन अब हो सकता है कि जल्द ही वह अरबपतियों की लिस्ट से बाहर हो जाएं। मंगलवार को दलाल स्ट्रीट पर कारोबार बंद होने के समय, अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाले रिलायंस ग्रुप कंपनियों का संयुक्त मार्केट कैपिटलाइजेशन महज 5,400 करोड़ रुपये (करीब 773 मिलियन डॉलर) रह गया।

अनिल अंबानी के पास अपने ग्रुप की सभी 6 कंपनियों- रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर, रिलायंस नेवल ऐंड इंजिनियरिंग, रिलायंस पावर, रिलायंस कैपिटल, रिलायसं होम फाइनैंस और रिलायंस कम्युनिकेशंस में 75 प्रतिशत स्टेक्स हैं। उनके ग्रुप में लिस्टेड कंपनियों की मार्केट वैल्यू देखें तो अंबानी भाइयों में छोटे अनिल अंबानी की संपत्ति बिलियन-डॉलर से कम होगी।

कुछ समय पहले तक ही ग्रुप के पास प्रॉफिट देने वाले म्यूचुअल फंड बिजनस रिलायंस निपॉन लाइफ ऐसेट्स मैनेजमेंट में एक बड़ा हिस्सा था। यह जापानी कंपनी निपॉन लाइफ के साथ चलने वाला एक जॉइंट वेंचर है, जिसे हाल ही में इसके पार्टनर को बेच दिया गया। हाल ही में इसकी वैल्यू 13, 500 करोड़ रुपये (2 बिलियन डॉलर से ज्यादा) आंकी गई है। यह फंड हाउस अब जापानी इंश्योरेंस दिग्गज को ट्रांसफर करने की प्रक्रिया में है।

# रुपया शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 21 पैसे मजबूत

**मुंबई (आरएनएस)।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक की बैठक के नतीजों से पहले बुधवार को रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 21 पैसे मजबूत होकर 69.49 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बढ़त के साथ 69.57 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में 69.49 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। मंगलवार को बंद के मुकाबले रुपये में 21 पैसे की तेजी देखी गई। मंगलवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 69.70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मुद्रा डीलरों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती तेजी , विदेशी पूंजी निवेश और निर्यातकों के अमेरिकी मुद्रा की बिकवाली करने से रुपये का समर्थन मिला। शेयर बाजार के पास मौजूद प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक , विदेशी निवेशकों ने मंगलवार को पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से 31.73 करोड़ रुपये का निवेश किया।

# कभी नहीं सोचा था कि ऐसी पारी खेलूंगाःमॉर्गन

**मैनचेस्टर (आरएनएस)।** अफगानिस्तान के खिलाफ आईसीसी वर्ल्ड कप मुकाबले में 17 छक्के लगा कर विश्व रेकॉर्ड कायम करने वाले इंग्लैंड के कप्तान इयोन मॉर्गन ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह इस तरह की ताबड़तोड़ पारी खेलेंगे। मॉर्गन ने मंगलवार को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 71 गेंद में रेकॉर्ड 17 छक्कों और 4 चौकों की बदौलत 148 रन बनाए। मोर्गन एकदिवसीय क्रिकेट में पहले बल्लेबाज हैं जिन्होंने छक्कों से ही 100 से अधिक रन जुटाए।

इससे पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में सर्वाधिक छक्कों का रेकॉर्ड भारत के रोहित शर्मा, वेस्ट इंडीज के सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल और साउथ अफ्रीका के पूर्व धुरंधर बल्लेबाज एबी डि विलियर्स के नाम था जिन्होंने 16-16 छक्के लगाए थे।

# किसान के बाइक इनोवेशन में महिंद्रा की दिलचस्पी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कर्नाटक के किसान गणपति की पेड़ों पर चढ़ने के लिए अनोखी बाइक काफी मशहूर हो रही है। इस बाइक के जरिए करीब एक लीटर पेट्रोल में सुपारी व नारियल के 80 पेड़ों पर चढ़ा जा सकता है। अब महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने इस खास तरह की बाइक में दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने ट्वीट कर इस नए आविष्कार की तारीफ की है।

आनंद महिंद्रा ने मंगलवार को ट्वीट किया, यह कितनी कूल है यह डिवाइस न केवल प्रभावी और अपना काम करती दिखाई पड़ती है, बल्कि इसे बेहतरीन तरीके से डिजाइन किया गया है। इसका वजह कम से कम है। इसके साथ ही ट्वीट में उन्होंने महिंद्रा ऐंड महिंद्रा लिमिटेड में फार्म इक्विपमेंट सेक्टर के प्रेजिडेंट राजेश जेजूरिकर को मेंशन करते हुए कहा कि आपकी टीम इस डिवाइस की करीब से पड़ताल करे और देखे क्या हम मिस्टर भट्ट की इस डिवाइस को अपने फार्म सॉल्यूशन पोर्टफोलियो के तहत बेच सकते हैं

इस तरह ओपन प्लैटफॉर्म पर अपनी टीम को इस बाइक की मार्केटिंग का सुझाव देने पर एक ट्विटर यूजर ने जब महिंद्रा से पूछा कि ऐसा करने से दूसरी प्रतिद्वन्दी कंपनियां उनसे पहले गणपति से संपर्क कर सकती हैं। इस पर महिंद्रा ने जवाब दिया कि हां वह चाहते हैं कि जितने ज्यादा लोग उन तक पहुंचेंगे, उतनी बेहतर डील उन्हें मिलेगी। उनके जैसे दूसरे छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए यह जरूरी है।

# आज का राशिफल

*मेषः-* नियति आज आप पर मेहरबान है। भाग्य आज आपका प्रबल है, भाग्य का साथ पाकर कर्म करें तो लाभ का अनुपात दोगुना होना निश्चित है।

*वृषभः-* आज महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले विचार अवश्य करें या फिर किसी भरोसेमंद व्यक्ति की सलाह लें। तेज गति से वाहन न चलाएं साथ ही तेज गति के वाहन से बचकर चलें।

*मिथुनः-* अपने जीवनसाथी की राय को महत्व दें। व्यापार-व्यवसाय और कार्यक्षेत्र में लाभ होगा। उच्चस्तरीय एवं सहयोगी व्यक्ति यों से भेंट आपके लिए लाभाकरी होगी।

*कर्कः-* आज आपके शत्रु आपसे दूर भागेंगे। जद्दोजहद एवं परिश्रम से आप सफलता के शिखर तक पहुंच सकेंगे। बेरोजगारों को रोजगार की प्राप्ति में सफलता मिलेगी।

*सिंहः-* आज आपकी बुद्धि एवं कल्पनाशक्ति का विकास होगा। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार आपको प्रसन्न रखेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा। कार्य में मन लगेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

*कन्याः-* आज मुलाकात किसी विपरीत मानसिक विचारों वाले व्यक्ति से हो सकती है, अतः- सचेत रहें। वाणी पर संयम आपको वाद-विवाद से बचा सकता है।

*तुलाः-* आज युवाओं को कारोबार और नौकरी की तलाश में सफलता मिलेगी। अधिकारी आपकी पूरी सहायता करेंगे। सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती नजर आएंगी।

*वृश्चिकः-* ग्रह-नक्षत्र संकेत दे रहे हैं कि आज आपके सितारे उत्कर्ष पर हैं। धन व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

*धनुः-* आज आप कार्य पूर्ण करने के लिए तत्पर रहेंगे। बिजनस के लिए की गई आपकी यात्रा लाभप्रद रहेगी।

*मकरः-* नई योजनाओं पर अल्पविराम लगाएं। कार्यों में विघ्न-बाधाओं के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। अत्यधिक व अनावश्यक खर्च से बचें। चिंता व अशांति का माहौल परेशान कर सकता है।

*कुंभः-* व्यक्ति गत व्यापार-व्यवसाय में आज आपको लाभ होगा। जिस किसी से आप मिलेंगे उसके स्वभाव में विनम्रता, मधुरता तथा मेल-जोल की झलक दिखाई देगी, जिससे आपके सभी कार्य बनते जाएंगे।

*मीनः-* आज कार्य की प्रबलता रहेगी। जीवन के प्रति आज आपकी सकारात्मक सोच कोई नई उपलब्धि दिला सकती है।

# बेसन भिंडी मसाला बनाने की विधि...



## सामग्री

भिंडी- 250 ग्राम, तेल- 3 बड़े चम्मच, हींग पावडर- एक चुटकी, जीरा- 1/2 छोटा चम्मच, बेसन- 4 बड़े चम्मच, लाल मिर्च पावडर- 1/2 या 1 छोटा चम्मच, धनिया पावडर- 1 छोटा चम्मच, हल्दी पावडर- 1/4 छोटा चम्मच, अदरक- 1 इंच, अमचूर पावडर- 1 छोटा चम्मच, गरम मसाला पावडर- 1/4 छोटा चम्मच, हरा धनिया पत्ता- 1 बड़ा चम्मच(कटे हुए), नमक स्वादानुसार

## विधि

बेसन को धीमी आंच पर हल्का-हल्का तलें जब तक इसमें से अच्छी खुशबू ना आने लगे। एक प्लेट में निकालकर बगल रख लें। भिंडी को धोकर अच्छे से सुखा लें। इसके दोनों सिरे काटकर इसके बीचो-बीच चीरा लगा लें बिना अलग किए।

अब एक पैन में 1 बड़ा चम्मच तेल गर्म करके उसमें भिंडी फ्राय करें। कुरकुरे होने तक तलें। फिर एक प्लेट में निकालकर बगल रख दें।फिर उसी पैन में बची हुई तेल गर्म करें। इसमें जीरा कड़कड़ाने दें फिर हींग पावडर डालकर कुछ सेकंड के लिए तलें।

अब इसमें हल्दी पावडर, लाल मिर्च पावडर, धनिया पावडर, अदरक डालें और मध्यम आंच पर हल्का-हल्का तलें। फिर बेसन डालें और तलें। धीमी आंच पर इसे तब तक तलें जब तक इसकी कच्ची खुशबू चली ना जाए।

अब इसमें तली हुई भिंडी, नमक और अमचूर पावडर डालें और अच्छे से मिलाएं। ऐसे मिलाएं कि मसाला भिंडी पर चिपक जाएं। अब इसे धीमी आंच पर 2-3 मिनट तक पकाएं। ढक्कन खोलकर, पूरे मिश्रण को ऐसे मिलाएं कि ये तल पर ना चिपके। फिर इसे ढककर और 2-3 मिनट तक पकाएं।

बाद में ढक्कन खोल दें। इस समय तक भिंडी अच्छे से पक जाना चाहिए। तो भी अगले 2-3 मिनट तक तेज आंच पर और पकाएं। बीच-बीच में चलाते रहें। अब इसमें गरम मसाला डालकर अच्छे से मिलाएं। फिर इसे आंच पर से उतार लें।

अंत में धनिया पत्ती डालें और अच्चे से मिलाएं। इस बेसन भिंडी को चपाती, पराठा या पूरी के साथ परोसें।

# शब्द सामर्थ्य- 100

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 99 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

# सू-दोकू- 100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | |
| | 8 | | 2 | | | | | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।

**सू-दोकू क्र.99 क**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 |